आप ने ही पूछा है और बहुत से माननीय सदस्यों ने पूछा है कि क्या गारंटी है कि 85 के बाद फिर यह कानून बदलना नहीं पड़ेगा ? मेरा पहला प्रश्न है कि मंत्री महोदय जब जवाब दें तो वह इस बात को स्पष्ट करें कि यह सर्वे कब तक समाप्त हो जाएगा और कब तक यह जो प्रापर्टी है जो दबायी गई है, जिस का इस्तेमाल मुस्लिम अवाम के विकास के लिए नहीं हो रहा है उस की गारन्टी कब होने जा रही है ? जब तक यह गारन्टी नहीं देंगे पार्लियामेंट आएगी, कानून बनेंगे, बदलेंगे लेकिन जिस सवाल के लिए आप को बेचैनी है, वह बेचैनी दूर होने वाली नहीं है । इस बात को आप समझ रखिए ।

मौलाना साहब ने सही कहा है कि वक्फ की सम्पत्ति दो किस्म की है । जो सम्पत्ति आप के वारिस को मिलने वाली है उस सम्पत्ति को ले कर आप गड़बड़ी पैदा कर रहे हैं तो वह ठीक नहीं है । इस लिहाज से हम यह कह रहे हैं, हम जानते हैं, वक्फ की सम्पत्तियों के ऐसे ऐसे तजर्बे मिले हैं कि क्या कहा जाए ? मैं उन लोगों के विषय में नहीं कह सकता हूं जो मुस्लिम मजहब के हैं लेकिन हम जानते हैं कि मन्दिरों और मठों में राम और लक्ष्मण में झगड़ा होता है । लक्ष्मण कहते हैं कि यह हमारी प्रापर्टी है और राम कहते हैं कि हमारी प्रापर्टी है । और वह झगड़ा कौन तय करता है ? डिस्ट्रिक्ट कोर्ट या हाई कोर्ट के जज साहब उस झगड़े को तय करते हैं । कितनी बदतर हालत मठों की हो गई है ?

बिहार में बोध गया में मठ है, उस में हजारों हजार एकड़ जमीन है। मैं जानता हूं मधुबनी जिले के बोर्डर पर एक मठ है जिस में हजारों हजार एकड़ जमीन है । हदबन्दी कानून बिहार में लागू करने की बात हो रही है । लेकिन मठों के हाथी के नाम पर, बैल के नाम पर, घोड़े के नाम पर बांट कर सारी जमीन हड़प ली जाती है । उस से उस सम्प्रदाय विशेष के जिस के लिए मठ की कल्पना की गई, मन्दिरों की कल्पना की गई जिस के विकास की और जिस की संस्कृति और सभ्यता के विकास की कल्पना की गई वह पूरी न हो कर ये सारी चीजें आज लूट का साधन बन गई हैं । माननीय सदस्यों ने ठीक कहा है, उन के यहां भी ऐसी बुराई है । मैं जानता हूं अपने जिले के बारे में, वहां एक मदरसा है, उस की कोई कमेटी थी, उस के सक्रेटरी ने 25 हजार रुपया हजम कर लिया । उस के बाद तमाम धार्मिक और कानूनी लड़ाइयां लड़ी जाती रहीं, लेकिन आज तक उस ने वह रुपया नहीं दिया । न देने के बाद भी आज वह उस मदरसे को हजम किए हुए हैं ।

वक्फ बोर्ड में जो गड़बड़ियां होती हैं उन बातों में भी सुधार लाने के लिए विधेयक लाना चाहिए । इसलिए जिन माननीय सदस्यों ने मांग की है कि एक काम्प्रीहेंसिव बिल लाना चाहिए, वह सही है । यह पैवन्द लगाने से काम नहीं चलेगा । भोजपुरी में एक कहावत है थूक चाटने से प्यास नहीं जाती है । ऐसे ही यह प्यास ऐसे नहीं बुझने वाली है । आप बाजाब्ता बिल लाइए । सारे देश के वक्फ में चलने वाली गड़बड़ियों को दूर कीजिए । पुराने जमाने में खलीफों के वक्त में यह वक्फ बना जहां तक मैं जानता हूं लेकिन जिस

[श्री कमला मिश्र मधुकर]

मकसद के लिए बना वह मकसद पूरा होना चाहिए, हिन्दुस्तान में भी पूरा होना चाहिए । अगर आप सचमुच चाहते हैं डेमोक्रेसी को चलाना तो डेमोक्रेसी का तकाजा है । मैं ऐसे नहीं कह रहा हूं जैसे जमीलुर्रहमान साहब भाषण दे कर चले गए । हम इस को सूझ बूझ की बात मानते हैं । हमारी पार्टी इस को सिद्धान्त की बात मानती है और सिद्धान्त के लिहाज से मैं समझता हूं कि ऐसी बात होनी चाहिए ।

इसलिए मेरी मांग है सरकार से कि वक्फ बोर्ड की कोई लीगल पोजीशन आज नहीं है, वह कह दे तो वह कमिश्नर के यहां जाए, कलेक्टर के यहां जाए, उसका नतीजा हो रहा है कि जो समपत्ति ली गई है वक्फ की, जिसका दुरुपयोग हो रहा है उस को वह लोग एविक्ट नहीं कर सकते हैं । उन को पावर नहीं है । इस बात पर सोचना चाहिए सरकार को कि उन को कोई कनूनी अधिकार मिलना जारी है या नहीं मिलना जरूरी है ?

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि वक्फ बोर्ड का डेमोक्रेटाइजेशन नहीं हुआ है । राज्य सभा में भी इस संबंध में मांग उठाई गई थी । दिल्ली में ही जो वहां की मस्जिदें हैं, वहां के स्थानीय मुसलमानों को लेकर और वहां के वक्फ बोर्ड का चुनाव होना चाहिए । उसका जनतन्त्रीकरण होना चाहिए । ताकि वहां के लोगों को उस सम्पत्ति को लूटने का मौका ही न मिल पाए । दोहन और लूटन---हिन्दू हो या मुसलमान---चलता है धन के नाम पर । इस ओर आपका ध्यान देना चाहिए।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं, वक्फ सम्पत्ति का सर्वे कब तक पूरा होगा ? उसके लिए आप सदन में आश्वासन दीजिए। इस सम्बंध में आप कौन सी मशीनरी डवेलप करने जा रहे हैं । इतने दिनों तक सर्वे नहीं हुआ है और चार बार आप संशोधन कर चुके हैं । अब संशोधन करने के बाद कौन सी आप नई मशीनरी डवलप करने जा रहे हैं, जिससे कि 1985 तक सर्वे का काम तेजी के साथ पूरा हो जाए ।

इन चीजों को दुरुस्त न कीजिएगा, तब तक मुसलमानों के दिल में जो आशंकाएं हैं, वे आशंकाएं बनी रहेंगी । उन आशंकाओं को दूर करने की जिम्मेदारी आप की है, इस संबंध में आपको कदम उठाने चाहिए । आपकी पार्टी की नेता, श्रीमती इंदिरा गांधी, की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है, उसमें मेल होने के लिए यह जरूरी है कि आप हाउस में आवाम की आवाज को लेकर आए हैं, उस आवाज की गम्भीरता को समझिए । इसको हल्के-फुल्के ढंग से मत लीजिए । यहां लोग आवाम की आवाज को बोल रहे हैं, काम की बात को आपके सामने रख रहे हैं । उन सब बातों पर आपको ध्यान देना चाहिए । जिस उद्देश्य से आप यह बिल सदन में लाए हैं, उसकी पूर्ति होनी चाहिए । इसलिए मैं भी इसके हक में हूं और जो आशंकाएं जाहिर की गई हैं, उनके बारे में आपको सफाई करनी चाहिए । जो सवाल उठाए गए हैं, उन सवालों का समाधान आपके जवाब में होना चाहिए, ताकि आइंदा बिल को एक्सटेंड करने की जरूरत ही न पड़े । मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

श्री मुजफ्फर हुसैन (बहराइच): जनाब, डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आप की मारफत अपनी हुकूमत की तवज्जह न सिर्फ दिल्ली की ओर दिलाना चाहता हूं, बल्कि मुल्क के दूसरे हिस्सों के वक्फ की ओर भी दिलाना चाहता हूं ।

जहां तक दिल्ली के वक्फ का सवाल है, तो किसी शायर ने इसी से मुतअस्सिर होकर कहा है---चेहरे पर सारे शहर के गर्दे मलाल है, जो दिल का हाल है, वही दिल्ली का हाल है । उलझन, घुटन, हिरास, तपिश कर्ब इनतेशार, वह भीड़ है कि सांस भी लेना मुहाल है ।

वक्फ के सिलसिले में हमारे सदन के मेम्बरान ने आपके सामने बहुत सी तजवीजें रखी हैं ।

श्री जैनुल बशर : सारे बेईमान नहीं हैं, कुछ ईमानदार भी हैं ।

श्री मुजफ्फर हुसैन : मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस हिन्दुस्तान को आजाद हुए आज 35 साल गुजर चुके हैं। हिन्दुस्तान के अन्दर फसादात हुए, मुसलमानों का कत्लेआम हुआ, उसका न मुझे तजकिरा करना है और न इतना वक्त है। लेकिन मैं समझता हूं कि जो लोग भी हमारी मस्जिदों और कब्रिस्तानों का तजकिरा कर रहे हैं, मैं उनसे कहूंगा कि आप सदन में इसका तजकिरा करना छोड़ दें। इसलिए छोड़ दें कि हमारी आजादी को 35 साल बीत चुके हैं, हमारे जिन्दों का भारतीयकरण करने का बहुत से लोगों ने मनसूबा बनाया था, लेकिन जिसको खुदा रखे, उसको कौन चखे। 35 साल आजादी के गुजर जाने के बाद हमारी आबादी चार करोड़ से 15 करोड़ हो गई है और ऐसे लोग जो हुकूमतों की मशीनों में दाखिल हैं, वे हमारे जिन्दों और मुर्दों को भी अपनी कब्रों में देखना पसन्द नहीं कर रहे हैं। और वे चाहते यह हैं कि किसी सूरत में इस हकूमत की पेशानी पर कलंक का टीका लगे। आज मैं यह कहने के लिए तैयार हूं कि डी. डी. ए. और दीगर एजेन्सियां जो हैं, उन में अगर हिम्मत या जुर्रत हो, तो जरा वे साउथ ब्लाक में, साउथ एवेन्यू में चल कर या नार्थ एवेन्यू में चल कर किसी गुरुद्वारे की दीवार को हाथ तो लगा दें, किसी मन्दिर को तोड़ दें, किसी मन्दिर पर बुलडोजर चला दें, किसी को गिरा दें ? किसी में हिम्मत है कि वह इस को कर सके। फिर क्या वजह है कि हुकूमत के साये में, हुकूमत की निगरानी में, हुकूमत को देखते हुए, जहां मिनिस्टर मौजूद हैं, जब वहां कोई मन्दिरों को हाथ नहीं लगा सकता, गुरुद्वारों को कोई छू नहीं सकता, हमारी मस्जिदों पर आप की मशीनें चल रही हैं और हमारे बाप-दादाओं की हड्डियों पर आप की मोटरें चल रही हैं, जिन पर आप ने हजारों पुल बनवा दिये और हजारों सड़कें बनवा दी। तो मैं समझूंगा कि इस हुकूमत के, जिम्मेदार लोगों के मन में मुस्लिम कौम से कोई हमदर्दी है या नहीं ? मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि हमारा घर है और निगरानी आप की है मैं कल देख कर आया हूं। मस्जिदों में होटल बने हुए हैं। मैं कल देख कर आया हूं कि नई दिल्ली स्टेशन से जाते हुए रास्ते में मस्जिदों में कारखाने बने हुए हैं। न जाने हजार बार यहां के मुसलमानों ने इस तरफ तवज्जह दिलाई लेकिन सिवाय डी. डी. ए. के कब्जे के और कुछ नहीं हुआ। इसलिए मैं डी. डी. ए. को ही कसूरवार नहीं ठहराऊंगा बल्कि जो सुन्नी मजलिसे औकाफ के जो जिम्मेदार हैं, वह भी कसूरवार हैं इस चीज के लिए। पहले तो डी. डी. ए. को कब्जा करते वक्त, वे मुकदमा दायर करते हैं, मदाखलत करते हैं लेकिन बाद में समझौता कर के उन से रुपया ले कर मस्जिद और कब्रिस्तान बेच डालते हैं। इसलिए जहां डी. डी. ए. मुजरिम है, वहां साथ ही साथ सुन्नी मजलिसे औकाफ भी मुजरिम है। यह बात नहीं है कि उन को अपना समझ कर मैं माफ करूंगा। वे इस में सब से बड़े कसूरवार हैं क्योंकि वे हमारी मस्जिदों और कब्रिस्तान को डी. डी. ए. से पैसा ले कर बेच रहे हैं। ऐसे वक्त बोर्ड को तो देना चाहिए। उन को हक हासिल नहीं है कि मुसलमानों की जायदाद पर डी.डी. ए. का कब्जा कराए और हुकूमत को बदनाम करें।

दूसरी गुजारिश इस सिलसिले में मैं यह करूंगा कि जहां तक सुन्नी मजलिसे औकाफ का ताल्लुक है, 1961 के अन्दर इसी लाल किले के मैदान में मैं ने एक आल इन्डिया सुन्नी औकाफ कान्फ्रेन्स की थी, जिस जमाने में पं. जवाहरलाल नेहरू प्राइम मिनिस्टर थे और हाउसिंग मिनिस्टर माननीय श्री मेहर चन्द खन्ना थे। हम लोग तीन दिन की कान्फ्रेंस के बाद सारे मेमोरेण्डम ले कर पंडित जी की खिदमत में हाजिर हुए। पंडित जी ने हमारे मेमोरेण्डम को बहुत गौर से पढ़ा हम ने 1947 से पहले दिल्ली की सर-जमीन पर जितनी मस्जिदें मौजूद थी, जितने कब्रिस्तान मौजूद थे, उन के फोटो लिए और साथ 1947 के बाद जो मस्जिदें और कब्रिस्तान मुख्तलिफ शकलों में तब्दील किये गये थे, जिनका कितावचा बाजावता फोटो के साथ मेरे पास अब भी मौजूद है, उन को

[श्री मुज़फ्फर हुसैन]

दिखाया। पंडित जी ने और मेहर चन्द खन्ना साहब ने, हमारी मस्जिदों को, कब्रिस्तानों को उन रिफ्यूजीज से, जो मस्जिदों में आबाद हो गये थे और कब्रिस्तानों में जिन्होंने दूकानें बना ली थी, खाली करा कर मजलिसे औकाफ को दे दिया। दो साल तक पंडित जी जिन्दा रहे और सन् 1964 के बाद आहिस्ता-आहिस्ता खामोशी के साथ उन पर गवर्नमेंट की एजेन्सियां काबिज होती गई और जबर्दस्ती पुलिस के जरिये कब्जा करती गई। मुसलमान निहत्थे, परेशान-हाल उन का मुकाबला न कर सके और इस तरीके से आज भी वे काबिज हैं। मेरे पास दिल्ली की 700 मस्जिदों की लिस्ट मौजूद है, जिन पर आज भी गैरों का कब्जा है इस अन्दाज में कि उन मस्जिदों में कहीं पर होटल हैं, कहीं मोटर के कारखाने हैं या टी-स्टाल हैं और जो बड़ी मस्जिदें हैं, तो उनमें लोगों ने अपने रिहायशी मकान बना लिए हैं और कुछ मस्जिदों में लोग पाखाना फिर रहे हैं। तो इस की जिम्मेदारी हुकूमत पर है। अगर इस के जेरे-साये 15 करोड़ मुसलमानों की जिन्दगी महफूज न हो और अगर हमारी मस्जिद, हमारे मकातिब, हमारे कब्रिस्तान, हमारी इबादतगाहें और हमारे आबा-ओ-अजदाद के आस्ताने आप की हुकूमत में महफूज न रहें, तो आप हम से क्या उम्मीद रखते हैं कि हम आप का साथ देंगे। क्या मुसलमान इसलिए पैदा किया गया है हिन्दुस्तान की सर-जमीन पर कि जब इलेक्शन आ जाए, तो उन के वोट ले कर आप हुकूमत की कुर्सी पर बैठ जाएं और जब इलेक्शन खत्म हो जाए, तो उस को जिन्दों व मुर्दों को भी इस सर-जमीन पर भी न रहने दिया जाए। ... (व्यवधान) .. हमारी सरकार हो या कोई सरकार हो, अगर हमारी सरकार की खामी है, उस में कोई कमी है, तो मुझे वह कहने में उज्र नहीं। इसलिए कि मैं हिन्दुस्तान का वासी हूं न कि पाकिस्तान का और न बंगलादेश का। इस मुल्क में अगर दूसरी कौमों ने कुर्बानियां दी हैं तो मुसलमान कौम की कुर्बानियां भी किसी से कम नहीं हैं। हमारा हक है कि हम अपने हक को हासिल करें हम इस मुल्क के हकदार हैं। आपका यह फर्ज है कि आप हमारी हिफाजत करें।

मैं आप से अर्ज करता हूं कि आप वक्फ को तोड़ दें और सूबे में और हर कमिश्नरी में वक्फ कमिश्नर मुकर्रर करें और कमिश्नर गैर-मुसलिम हो। एक गैर-मुसलिम के दिल में दर्द होगा। लेकिन मुसलमान तो अपनी मस्जिद को खुद बेच देता है। अगर हिन्दू कमिश्नर होगा तो उसके दिल में दर्द होगा कि मुसलमान हमारे देश से न जाने पायें, मुसलमानों की जायदाद तल्फ न होने पाये। लेकिन मुसलमान तो अपनी मस्जिद खुद बेच देता है। उसके दिल में दर्द नहीं होता। औरों के दिल में खुदा का खौफ होगा, मुसलमानों की मस्जिदों की, जायदादों की हिफाजत करेगा। आप इन वक्फ बोर्ड को तोड़ दीजिए और किसी भी मुसलमान को वक्फ कमिश्नर मत बनाइये। हिन्दू, सिख, ईसाई किसी भी कौम के आदमी को वक्फ कमिश्नर मुकर्रर कीजिए ताकि वे हमारे मजहब, हमारे जजबात का लिहाज करें, हिफाजत करें। वे हमारी जायदादों की हिफाजत करेंगे, उनमें डर होगा कि अगर हमने इन्हें तोड़ डाला या बेच डाला तो बगावत फैल जाएगी। उस से हमारी जायदादें महफूज रहेंगी। अगर किसी मुसलमान को आप बना देंगे तो मुसलमानों को न खुदा का खौफ है, न रसूल खौफ है, न मजहब का खौफ है। वे अपने बाप-दादाओं की जायदादों को भी बेच डालेंगे और उनके दिल में दर्द भी नहीं होगा।

श्री जैनुल बशर: आप सब मुसलमानों को बेईमान क्यों कहते हैं? कुछ मुसलमान बेईमान हो सकते हैं।

श्री सैयद मुजफ्फर हुसैन: मैं सब जगह की बातें जानता हूं। उत्तरप्रदेश का इस से भी बुरा हाल है। दिल्ली म तो जायदादें और मस्जिदें बेच ही रहे हैं, सब कुछ कर रहे हैं। इसलिए मैं आप से कहता हूं कि वक्फ बोर्ड को तोड़िये और वक्फ कमिशनर मुकर्रर कीजिए जिससे कि मुसलमानों की बहुत बड़ी जायदाद की हिफाजत हो सके और मुसलमानों के बच्चों की तालीम और तरबीयत हो सके। इस से सही मायनों में मुसलमानों की मस्जिदों की हिफाजत हो सकेगी और उनसे होने वाली आमदनी भी सर्फ हो सकेगी। इसका इस्तेमाल भी

वाकिफ की मन्शा के मुताबिक हो सकेगा। इस तरह से हमारी जायदादें महफूज हो जाएंगी। वरना चाहे आप डी. डी. ए. के हाथ में डालें और किसी और एजेन्सी के हाथ में डालें, हम आप से शिकवा करेंगे और आप उनसे कुछ कह न सकेंगे।

मैं आप से गुजारिश करूंगा कि चाहे उत्तर प्रदेश में हों, चाहे बिहार और गुजरात में हों, चाहे दिल्ली में हों, आपने वक्फ बोर्ड में सब उन्हीं लोगों को रखा है जिनको कि आप समझते हैं कि आजादी के पहले इन्होंने हमारा साथ दिया था। मैं आप से कहता हूं कि अगर आपको उनकी परवरिश करनी है तो कीजिये मुझे कोई एतराज नहीं है। नेपाल के बार्डर पर बहुत मैदान पड़े हैं, वहां उन्हें जगह दीजिए। वहां वे खेत बोंए, जोतें और अपना गुजर करें। लेकिन आजादी के लिए दी गई कुर्बानी के लिए हमारे बाप-दादाओं की जायदादें बेचने का उनको हक हासिल नहीं है।

मैं आप से फिर गुजारिश करता हूं कि आप वक्फ बोर्ड तोड़िए और वक्फ कमिश्नर मुकर्रर कीजिए। दिल्ली की सारी मस्जिदों और जायदादों के लिए आप पार्लियामेंट के 11 मेम्बरान की एक निगरां कमेटी बना दीजिए जो अपनी निगरानी में, बजरिए पुलिस कमिश्नर उनको खाली करा सके। इस से आपकी जम्हुरियत की लाज बचेगी और मुसलमानों की जायदादों की भी हिफाजत होगी।

बस मुझे यही अर्ज करना है।

श्री अशफाक हुसैन (महाराजगंज) : मोतरम डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस बिल पर जिस तरह से बहस हो रही है. उसके मुआफिकतमें खड़ा हुआ हूं। मुआफिकतन करने का मतलब यह है कि जायदादों का मौका दे दिया जाए कि उनके लिमिटेशन खत्म हो कर के वे दूसरों के हवाले हो जाएं। इसलिए मैं इसको मुआफिकतमें खड़ा हुआ हूं।

जहां तक वक्फ की जायदाद का सवाल है और उस पर गासिबाना कब्जे का सवाल है, हमारे और साथियों ने, मौलाना साहब ने, जमीलुर्रहमान साहब ने, जैनल बशर साहब ने उसका जिक्र किया है। इधर के साथियों ने भी जिक्र किया है। इस सब पर बहस हुई है। मैं इस पर बोलते हुए एक बहुत भारी शख्सियत का एक खत पढ़ कर सुनाना चाहूंगा कि किस तरह से वक्फ की जायदाद पर सरकार के अहलकार सरकार के महकमे कब्जा किये हुये हैं। हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी शख्सियत, हुकूमत की वजीरेआजम के कहने, खत लिखने के बाद भी उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। मैं उस खत का थोड़ा सा हिस्सा पढ़कर सुनाना चाहता हूं जो प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने 1974 में सूबों के, रियासतों के वजीरेआला और मर्कजी टेरीटरीज को लिखा था। श्रीमती गांधी ने लिखा –

> "I am deeply concerned over the fact that Wakf properties are under undue occupation of illegal occupants."

यहीं तक बात नहीं है, उन्होंने साफ साफ लिखा है –

> "The most distressing fact is that some of the properties are under the occupation of Government and local bodies."

बाद में फिर उन्होंने उसी खत में कहा –

> "I would request the Chief Ministers to bestow their attention to this point and see that these properties are given back to the Wakf Board, and the best way to do is to thrash out on what lines the property can be given."

यह 1974 की बात है और 1974 से अब तक 8 साल का समय गुजर चुका है। ऐसा लगता है जैसे कि कल इस सदन में कैपिटेशन फीस के बारे में बहस हो रही थी। कैपिटेशन फीस के मामले में प्रधानमंत्री की मर्जी है, केन्द्रीय सरकार की मर्जी है, और यहां तक कि बिहार सरकार की भी मर्जी है, कि कैपिटेशन फीस न ली जाये, लेकिन कैपिटेशन फीस ली जा रही है। बिहार, कर्नाटक और आंधप्रदेश जहां फीस

[श्री अशफाक हुसैन]

ली जा रही है वहां तो मान लिया जाए कि प्रधानमंत्री की रिट नहीं चल रही, लेकिन इस मामले में तो दिल्ली में जहां सीधी हुकूमत केन्द्रीय सरकार की है, अफसोस की बात है कि वहां भी प्रधानमंत्री की रिट नहीं चल रही है।

तो मामला इतना अहम है कि उसके लिए जरूरी है कि कारगर कदम, फौरी कदम उठाएं जाएं। जो सर्वे इस वक्त हो रहा है और जो एक्सटेंशन की बात कही गई है, इस बिल के जरिये, मेरी जानकारी में 31 दिसम्बर 1981 तक 2447 वक्फ की जायदादें दिल्ली के अंदर सर्वे हुई और उनमें से 1811 का गजट भी हो गया, लेकिन मैं यह जानना चाहूंगा कि गजट होने के बाद कब्जा कितनी जायदादों पर वक्फ बोर्ड को दिया गया ? और अगर नहीं दिया गया तो पोजीशन क्या है और क्या इसमें ज्यादातर डी. डी. ए. और सरकारी महकमे शामिल नहीं है ?

दूसरा सवाल लैण्ड एक्वीजीशन के बारे में है हमारे साथी श्री जैनुल बशर जी ने इसका हवाला दिया और एक खतरनाक पहलू की तरफ ध्यान दिलाया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से मस्जिद को भी एक्वायर कर लिया गया। तो अगर सरकार की वाकयी नीयत है कि मुसलमानों के पर्सनल ला में कोई दखलअंदाजी न की जाए तो लैण्ड एक्वीजीशन के जरिए मस्जिद, कब्रिस्तान, ईदगाह और इबादतगाहों या इस तरह की और जगहों को लैण्ड एक्वीजीशन एक्ट से मुस्तसना क्यों नहीं किया जाता। मैं मांग करूंगा कि इनको लैण्ड एक्वीजीशन एक्ट से मुस्तसना किया जाए। सब से ज्यादा खतरनाक बात यह है कि वजीरे आजम इस के बारे में खत लिखती हैं लेकिन दूसरी तरफ अभी पिछले महीने राज्य सभा में एक सवाल पेश हुआ था जिस में पूछा गया था कि बर्नी कमेटी की रिपोर्ट के ऊपर सरकार क्या करने जा रही है जिस के जवाब में यह बताया गया था :

"The Government proposes to consider implementation of the recommendations of the Burney Committee Report with respect to the properties claimed by Delhi Waqf Board in phases."

आप फेजिज में करेंगे या एक साथ करेंगे, इस पर बुनियादी एतराज की कोई गुंजाइश नहीं है। लेकिन सब से ज्यादा खतरनाक पहलू जो है उसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। वह खतरनाक बात यह है कि आपकी जुबान से निकल गया जानबूझ कर या बिना जाने बूझे इसका मतलब—

"But which are not required for the planned development of Delhi."

तब यह है कि वही जायदादें हवाले की जाएंगी बर्नी रिपोर्ट के मुताबिक जिन की दिल्ली के प्लांड डिवेलेपमेंट के लिए जरूरत नहीं होगी। आप समझ लें कि दिल्ली का प्लांड डिवेलेपमेंट ऐसा हाथी है, ऐसा परदा है जिस के पीछे सारी वक्फ की जायदादें हड़प की जा सकती हैं और उनको हड़प करने की साजिशें भी की जा रही हैं। इससे आप होशियार रहें।

गवर्नमेंट का एक कानून है :

Public Premises Eviction of Illegal Occupation Act.

वक्फ किसी एक आदमी की जायदाद नहीं होती है। अगर वाकई में आप वक्फ की जायदादों का कुछ तस्फिया चाहते हैं तो वक्फ की जायदादों का तस्फिया ला कोर्टस में, सिविल कोर्टस में नहीं हो पाएगा। आज तक का तजुर्बा यह है कि बीस-बीस साल तक पच्चीस-पच्चीस साल तक मुकदमे चलते रहे हैं और चलने के बाद भी वक्फ बोर्ड या दूसरे इदारे उनका तस्फिया नहीं करा सके हैं। मेरी मांग है कि वक्फ की जायदादों को यह जो एक्ट है इसके तहत लाया जाए और खाली कराया जाए क्योंकि ये भी पब्लिक प्रेमीसिज होते हैं।

कुछ लोगों में खुशफहमी है और वे समझते हैं कि वक्फ की जायदादें इतनी हैं कि इन से मुस्लिम कौम की तालीम का, समाजी बहबूदी का सारा इंतजाम हो सकता है और उस में शायद मदद की जरूरत न पड़े। लेकिन ऐसी बात नहीं है। कुछ दिन

पहले अखबारों में आया था कि 75 लाख की वक्फ की आमदनी में से दिल्ली में एक वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोला जाएगा। सुर्खी यह थी इसका क्या हुआ ?

Rs 75 lakh Waqf Vocational Training Institute will be set up in Delhi soon.

क्यों यह स्कीम अमल में नहीं आई। दिल्ली वक्फ बोर्ड की तरफ से शायद यह शाया हुआ था या दिल्ली वक्फ बोर्ड की तरफ से इस को किसी ने शाया कराया था। तो क्या रुपया नहीं था ? अगर रुपया नहीं था तो इस तरह की खबर अवाम में गलतफहमी पैदा करने के लिए नहीं देनी चाहिए।

मैं एक और बात आप से कहना चाहूंगा और मंत्री जी से चाहूंगा कि उस पर गौर करें कि वक्फ का एक काम्प्रीहेंसिव कानून वह लाएंगे, उस में जो मेम्बरों ने उन को सलाह दी है और सदन के लोगों ने जो अपनी बात कही है, उस पर वह ध्यान रखेंगे लेकिन एक बात और वह ध्यान में रखें, उस पर गौर करें कि क्या वक्फ के कानून को सारी पाबन्दियों से बचाने के लिए कांस्टीच्यूशन के नाइन्थ शेड्यूल के अंदर लाया जा सकता है ? इस पासिबिलिटी पर भी वह गौर करें। जब कि लैंड सीलिंग एक्ट और तमाम तरह के कानूनों को तहफूज देने के लिए कांस्टीच्यूशन के नाइन्थ शेड्यूल का इस्तेमाल किया जाता है तो मुसलमानों के इस वक्फ के कानून को भी वह नाइन्थ शेड्यूल के तहत लाएं।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

شری اشفاق حسین (مہاراج گنج):

محترم ڈپٹی اسپیکر صاحب - اس بل پر جس طرح سے بحث ہو رہی ہے میں اس کی موافقت میں کھڑا ہوا ہوں - موافقت نہ کرنے کا مطلب یہ ہے کہ جائدادوں کو موقع دے دیا جائے کہ ان کے لمیٹیشن ختم ہو کر کے دوسروں کے حوالے ہو جائیں - اس لئے میں اس کی موافقت میں کھڑا ہوا ہوں -

جہاں تک وقف کی جائداد کا سوال ہے اور اس پر غاصبانہ قبضے کا سوال ہے ہمارے اور ساتھیوں نے مولانا صاحب نے جمیل الرحمن صاحب نے زین العابدین صاحب نے اس کا ذکر کیا ہے ادھر کے ساتھیوں نے بھی ذکر کیا ہے - اس سب پر بحث ہوئی ہے - میں اس پر بولتے ہوئے ایک بہت بھاری شخصیت کا ایک خط پڑھ کر سنانا چاہوں گا کہ کس طرح سے وقف کی جائدادوں پر سرکار کے اہل کار سرکار کا محکمہ قبضہ کئے ہوئے ہیں - ہندوستان کی سب سے بڑی شخصیت حکومت کی وزیر آعظم کے پہلے خط لکھنے کے بعد بھی ان کے کان پر جوں تک نہیں رینگی - میں اس خط کا تھوڑا سا حصہ پڑھ کر سنانا چاہتا ہوں جو پردھان منتری شریمتی اندرا گاندھی جی نے ۱۹۷۴ع میں صوبوں کے ریاستوں کے وزیر اعلیٰ اور مرکزی منسٹریز کو لکھا تھا - شریمتی گاندھی نے لکھا -

"I am deeply concerned over the fact that Wakf properties are under undue occupation of illegal occupants."

یہیں تک بات نہیں ہے انہوں نے صاف صاف لکھا ہے -

"The most distressing fact is that some of the properties are under the occupation of Government and local bodies."

[شری اشفاق حسین]

بعد میں پھر انہوں نے اسی خط میں کہا -

"I would request the Chief Ministers to bestow their attention to this point and see that these properties are given back to the Wakf Board, and the best way to do is to thrash out on what lines the property can be given."

یہ ۱۹۷۴ع کی بات ہے اور ۱۹۷۴ع سے اب تو آٹھ سال کا سمے ہو چکا ہے - ایسا لگتا ہے جیسے کہ کل اس سدن میں کیپیٹیشن فیس کے بارے میں بحث ہو رہی تھی - کیپیٹیشن فیس کے معاملے میں پردھان منتری کی مرضی ہے کیندریہ سرکار کی مرضی ہے اور یہاں تک کہ بہار سرکار کی بھی مرضی ہے - کہ کیپیٹیشن فیس نہ لی جائے لیکن کیپیٹیشن فیس لی جا رہی ہے - وہاں تو مان لیا جائے کہ پردھان منتری کی رٹ نہیں چل رہی لیکن اس معاملے میں تو دلی میں جہاں سیدھی حکومت کیندریہ سرکار کی ہے افسوس کی بات کہ وہاں بھی پردھان منتری کی رٹ نہیں چل رہی ہے -

تو معاملہ اتنا اہم ہے کہ اس کے لئے ضروری ہے کہ کارگر قدم فوری قدم اٹھائے جائیں - جو سروے اس وقت ہو رہا ہے اور جو ایکتعلشن کی بات کہیں کہی گئی ہے اس بل کے ذریعہ میری جانکاری میں ۳۱ دسمبر ۱۹۸۲ع تک ۲۴۴۷ وقف کی جائدادیں دلی کے اندر سروے ہوئیں اور ان میں سے ۱۸۱۱ کا گزٹ بھی ہو گیا لیکن میں یہ جاننا چاہوں گا کہ گزٹ ہونے کے بعد قبضہ کتنی جائدادوں پر وقف بورڈ کو دیا گیا - اور اگر نہیں دیا گیا ہے تو پوزیشن کیا ہے اور کیا اس میں زیادہ تر ڈی - ڈی - اے - اور سرکاری محکمے شامل نہیں ہیں -

دوسرا سوال لینڈ ایکویزیشن کے بارے میں ہے - ہمارے ساتھی شری زین البشر جی نے اس کا حوالہ دیا اور ایک خطرناک پہلو کی طرف دھیان دلایا کہ الہ آباد ہائی کورٹ کے فیصلے سے مسجد کو بھی ایکوائر کر لیا گیا - تو اگر سرکار کی واقعی نیت ہے کہ مسلمانوں کے پرسنل لا میں کوئی دخل اندازی نہ کی جائے تو لینڈ ایکویزیشن کے ذریعہ مسجد قبرستان عید گاہ اور عبادت گاہوں یا اس طرح کی اور جگہوں کو لینڈ ایکویزیشن ایکٹ سے مستثنیٰ کیوں نہیں کیا جاتا - میں مانگ کروں گا کہ ان کو لینڈ ایکویزیشن ایکٹ سے مستثنیٰ کیا جائے لیکن سب سے زیادہ خطرناک بات یہ ہے کہ وزیر اعظم اس کے بارے میں خط لکھتی ہیں لیکن دوسری طرف ابھی پچھلے مہینے راجیہ سبھا میں ایک سوال پیش ہوا تھا جس میں پوچھا گیا تھا کہ برنی کمیٹی کی رپورٹ کے اوپر سرکار کیا کرنے جا رہی ہے جس کے جواب میں یہ بتایا گیا تھا -

"The Government proposes to consider implementation of the recommendations of the Burney Committee Report with respect to the properties claimed by Delhi Wakf Board in phases."

آپ امنڈز میں کریں کے یا ایک ساتھ کریں کے اس پر بنیادی اعتراض کی کوئی گنجائش نہیں ہے - لیکن سب سے زیادہ خطرناک پہلو جو ہے اس کی طرف میں آپ کا دھیان دلانا چاہتا ہوں - وہ خطرناک بات یہ ہے کہ آپ کی زبان سے نکل گیا جان بوجھ کر یا بلا جانے بوجھے -

"But which are not required for the planned development of Delhi."

اس کا مطلب یہ ہے کہ وہی جائدادیں حوالے کی جائیں کی برنی رپورٹ کے مطابق جن کی دلی کے پلانڈ ڈیولپمنٹ کے لئے ضرورت نہیں ہو گی - آپ سمجھ لیں کہ دلی کا پلانڈ ڈیولپمنٹ ایسا ہائی ہے ایسا پودا ہے جس کے پیچھے ساری وقف کی جائدادیں ہڑپ کی جا سکتی ہیں اور ان کو ہڑپ کرنے کی سازشیں بھی کی جا رہی ہیں - اس سے آپ ہوشیار رہیں - گورنمنٹ کا ایک قانون ہے :

Public premises Eviction of Illegal Occupation Act.

وقف کسی ایک آدمی کی جائداد نہیں ہوتی ہے - اگر واقعی میں آپ وقف کی جائدادوں کا کچھ تصفیہ چاہتے ہیں تو وقف کی جائدادوں کا تصفیہ لا کورٹ میر سوڑ کورٹس میں نہیں ہو پائے گا - آج تک کا تجربہ یہ ہے کہ بیس بیس سال تک پچیس پچیس سال تک مقدمے چلتے رہے ہیں اور چلنے کے بعد بھی وقف بورڈ یا دوسرے ادارے ان کا تصفیہ نہیں کرا سکے ہیں - میری مانگ ہے کہ وقف کی جائدادوں کو یہ جو ایکٹ ہے اس کے تحت لیا جائے اور خالی کرایا جائے کیونکہ یہ بھی پبلک پریمیزز ہوتے ہیں -

کچھ لوگوں میں خوش فہمی ہے اور وہ سمجھتے ہیں کہ وقف کی جائدادیں اتنی ہیں کہ ان سے مسلم قوم کی تعلیم کا سماجی بہبود کا سارا انتظام ہو سکتا ہے اور ان میں شاید مدد کی ضرورت نہ پڑے - لیکن ایسی بات نہیں ہے - کچھ دن پہلے اخباروں میں آیا تھا کہ ۷۵ لاکھ کی وقف کی آمدنی میں سے دلی میں ایک ووکیشنل ٹریننگ انسٹی ٹیوٹ کھولا جائے گا - سرخی یہ تھی -

Rs. 75 lakh Wakf Covational Training Institute will be set up in Delhi soon.

اس کا کیا ہوا - کیوں یہ اسکیم عمل میں نہیں آئی - دلی وقف بورڈ کی طرف سے شاید یہ شائع ہوا تھا - یا دلی وقف بورڈ کی طرف سے اس کو کسی نے شائع کرایا تھا - تو کیا روپیہ نہیں تھا - اگر روپیہ نہیں تھا تو اس طرح کی خبر عوام میں غلط فہمی پیدا کرنے کے لئے نہیں دینی چاہئے -

[شری اشفاق حسین]

میں ایک اور بات آپ سے کہنا چاہوں گا اور منتری جی سے چاہوں گا کہ اس پر غور کریں کہ وقف کا ایک کمپریہینسو قانون وہ لائیں کے اس میں جو ممبروں نے ان کو صلاح دی ہے اور سدن کے لوگوں نے جو اپنی بات کہی ہے اس پر وہ دھیان رکھیں گے لیکن ایک بات اور وہ دھیان میں رکھیں اس پر غور کریں کہ کیا اس وقف کے قانون کو ساری پابندیوں سے بچانے کے لئے کانسٹی ٹیوشن کے نائنتھ شیڈول کے اندر لایا جا سکتا ہے - اس پاسیبلیٹی پر بھی وہ غور کریں - جب کہ لینڈ سیلنگ ایکٹ اور تمام طرح کے قانونوں کو تحفظ دینے کے لئے کانسٹی ٹیوشن کے نائنتھ شیڈول کا استعمال کیا جاتا ہے تو مسلمانوں کے اس وقف کے قانون کو بھی وہ نائنتھ شیڈول کے تحت لائیں -

ان شبدوں کے ساتھ میں اپنی بات ختم کرتا ہوں -

SHRI A. A. RAHIM: Sir, The hon. Members who spoke, had the full realization of the importance of the Bill, and have given me full support in respect of this Bill. I take this opportunity to thank the Members at the outset.

Many of the learned Members expressed their feelings about the present state of affairs; and they have got an opportunity to ventilate the position regarding Wakf properties and certain Wakf Boards. They sopke at length about alienation, encroachment and mismanagement of properties. There was a long discussion about Wakf Board properties as such; but those discussions are not really directly related to this Bill. The Government will take due note of the suggestions, and will definitely try to improve the administration.

The amendment of the Wakf Act is already on the anvil, and will be presented to Parliament this year itself. At that time, these points can be discussed in detail. By amending the Act, the present state of affairs can be improved.

There was criticism about the neglect by the authorities, in restoring Wakf properties. I am not having the details of other States; but I am having certain statistics regarding the Delhi Wakf Board's working in this regard. The Delhi Wakf Board filed 577 cases during the five years from January 1976 to December 1980, with the following break-up:

1976	..	16
1977	..	3
1978	..	40
1979	..	34
1980	..	484

Altogether 577. Out of the above cases, 157 cases have been decided, of which 108 have been decreed in favour of the Delhi Wakf Board; and 49 cases have been dismissed. The Delhi Wakf Board has gone in appeal in 49 cases which have been dismissed. And when the Public Wakfs (Extension of Limitation) (Delhi Amendment) Bill, 1982 is passed, the Delhi Wakf Board proposes to file about 300 more cases for recovery of the possession. As the survey of the Wakf properties is continuing, the number of such cases may again increase.

I take this opportunity to assure the Members that the survey will be expedited, and will be completed soon.

Regarding Burney Committee Report, the Committee submitted its Report in 1976 and in all considered 209 properties. The Government is considering the implementation of the Report in phases. You

will appreciate that there are legal complexities involved. These have to be resolved in the first instance. I can say that something tangible, something positive will be done in this regard. I am expecting cooperation from the members. This Bill is only a step to restore the properties and to protect them and to restore them to the rightful owners.

With these words, I move that the Bill be taken into consideration.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill further to amend the Public Wakfs (Extension of Limitation) Act, 1959, as in force in the Union territory of Delhi, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY SPEAKER: The House will now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

MR. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That Clause 2 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI A. A. RAHIM: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet at 11 A.M. on Monday, the 9th August, 1982.

19.57 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, August 9, 1982/ Sravana 18, 1904 (Saka).